Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 24-03-2005

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

Title: Need to set up a Medical College at Hamirpur, U.P. with Central assistance.- Laid.

श्री राज नरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के चित्रकूट मण्डल में हमीरपुर एवं महोबा जनपद जो कि विकास की दृटि से हर क्षेत्र में पिछड़े हैं, में स्वास्थ्य संबंधी कोई बेहतर सुविधा उपलब्ध नहीं है। गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए क्षेत्र के गरीब लोगों को काफी दूर जाना पड़ता है। कई बार आर्थिक परेशानी के कारण बिना इलाज के लोग प्राण त्याग देते हैं। जनता द्वारा काफी समय से हमीरपुर एवं महोबा जनपदों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु एक मेडीकल कॉलेज की स्थापना की मांग लगातार की जाती रही है। वर्तमान में चित्रकूट मण्डल में कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गरीब एवं पिछड़े लोगों की सुविधा हेतु जनहित में केन्द्रीय सहायता से हमीरपुर में एक मेडीकल कॉलेज की स्थापना यथाशीघ्र कराकर क्षेत्र की जनता को चिकित्सीय सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराया जाये।